www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

20/FI/CC/M–2023–11

**Booklet Series**

**D**

**Candidate's Roll Number**

Serial No. 40070

Question Booklet

# ECONOMICS

**Time Allowed : 2 Hours**

**Maximum Marks : 100**

**Read the following instructions carefully before you begin to answer the questions.**

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. This Question Booklet contains **100** questions in all.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Attempt **all** questions.
4. **Immediately after commencement of the examination, you should check up your Question Booklet and ensure that the Question Booklet Series is printed on the top right-hand corner of the Booklet. Please check that the Booklet contains 32 printed pages including two pages (Page Nos. 30 and 31) for Rough Work and no page or question is missing or unprinted or torn or repeated. If you find any defect in this Booklet, get it replaced immediately by a complete Booklet of the same series.**
5. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature, then out of English and Hindi versions of the questions, the English version will be treated as standard.
6. You must write your Roll Number in the space provided on the top of this page. Do not write anything else on the Question Booklet.
7. An Answer Sheet will be supplied to you along with Question Booklet to mark the answers. **You must write your Name, Roll Number, Question Booklet Series and other particulars in the space provided on Page–2 of the Answer Sheet provided, failing which your Answer Sheet will not be evaluated.**
8. You should encode your **Roll Number** and the **Question Booklet Series A, B, C or D** as it is printed on the top right-hand corner of the Question Booklet with Black/Blue ink ballpoint pen in the space provided on **Page–2** of your Answer Sheet. **If you do not encode or fail to encode the correct series of your Question Booklet, your Answer Sheet will not be evaluated correctly.**
9. Questions and their responses are printed in English and Hindi versions in this Booklet. Each question comprises of **four** responses—(A), (B), (C) and (D). You are to select ONLY ONE correct response and mark it in your Answer Sheet. In case you feel that there are more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case choose ONLY ONE response for each question. Your total marks will depend on the number of correct responses marked by you in the Answer Sheet.
10. In the Answer Sheet, there are **four** circles—Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ and Ⓓ against each question. To answer the questions, you are to mark with **Black/Blue ink ballpoint pen ONLY ONE circle** of your choice for each question. Select only one response for each question and mark it in your Answer Sheet. If you mark more than one circle for one question, the answer will be treated as wrong. **Use Black/Blue ink ballpoint pen only to mark the answer in the Answer Sheet. Any erasure or change is not allowed.**
11. You should not remove or tear off any sheet from the Question Booklet. You are not allowed to take this Question Booklet and the Answer Sheet out of the Examination Hall during the examination. **After the examination has concluded, you must hand over your Answer Sheet to the Invigilator.** Thereafter, you are permitted to take away the Question Booklet with you.
12. Failure to comply with any of the above instructions will render you liable to such action or penalty as the Commission may decide at their discretion.
13. Candidates must assure before leaving the Examination Hall that their Answer Sheets will be kept in Self Adhesive LDPE Bag and completely packed/sealed in their presence.

**ध्यान दें :** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर छपा है।

SEAL

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

1. Which one of the following is ***not*** a method of credit control?

(A) Bank rate policy

(B) Open market operation

(C) Credit deposit ratio

(D) Cash reserve ratio

2. Which among the following can use 'liquidity adjustment facilities'?

(A) Commercial banks

(B) The government

(C) Development banks

(D) All of the above

3. Which institution announces the monetary policy?

(A) Planning Commission

(B) SEBI

(C) RBI

(D) Finance Ministry

4. Which one of the following can be used as an instrument of qualitative method of credit control?

(A) Bank rate policy

(B) Selective credit control

(C) Variation in CRR

(D) Open market operation

5. When bank rate is high, which one of the following is ***not*** a correct reaction?

(A) For commercial banks, borrowing from the Central Bank is costly

(B) They borrow less from the Central Bank

(C) They raise their lending rates

(D) Businessmen are encouraged to borrow more

6. Which one of the following is true with regard to qualitative credit control?

(A) It does not affect total amount of credit

(B) It channelizes the flow of bank credit from speculative to useful uses

(C) Its aim is not controlling the cost of credit

(D) All of the above

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**1.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक साख नियंत्रण की विधि **नहीं** है?

(A) बैंक दर नीति

(B) खुले बाजार की क्रिया

(C) साख जमा अनुपात

(D) नकद कोष अनुपात

**2.** निम्नलिखित में से कौन 'तरलता समायोजन सुविधाओं' का उपयोग कर सकता है?

(A) वाणिज्य बैंक

(B) सरकार

(C) विकास बैंक

(D) उपर्युक्त सभी

**3.** निम्नलिखित में से कौन-सी संस्था मौद्रिक नीति घोषित करती है?

(A) योजना आयोग

(B) सेबी

(C) आर॰ बी॰ आइ॰

(D) वित्त मंत्रालय

**4.** निम्नलिखित में से किस एक को साख के गुणात्मक नियंत्रण के अस्त्र के रूप में प्रयोग किया जा सकता है?

(A) बैंक दर नीति

(B) चुना हुआ साख नियंत्रण

(C) सी॰ आर॰ आर॰ में परिवर्तन

(D) खुले बाजार की क्रिया

**5.** जब बैंक दर ऊँची है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही प्रतिक्रिया **नहीं** है?

(A) व्यापारिक बैंकों के लिए केन्द्रीय बैंक से उधारी महँगी हो जाती है

(B) वे केन्द्रीय बैंक से कम उधार लेते हैं

(C) वे अपनी उधारी दर बढ़ा देते हैं

(D) व्यवसायी अधिक ऋण लेने के लिए प्रोत्साहित होते हैं

**6.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक गुणात्मक साख नियंत्रण के संबंध में सही है?

(A) यह साख की कुल मात्रा को प्रभावित नहीं करता है

(B) यह बैंक साख को सट्टे से हटाकर उपयोगी प्रयोग की तरफ प्रवाहित करता है

(C) इसका उद्देश्य साख की लागत को नियंत्रित करना नहीं है

(D) उपर्युक्त सभी

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**7.** Which one of the following is ***not*** the objective of fiscal policy?

(A) To reduce economic inequalities of income and wealth

(B) To check inflationary pressure

(C) To reduce expenditure on social and capital overheads

(D) To accelerate the rate of economic growth

**8.** The impact of tax

(A) is the immediate money burden

(B) finally rests on consumer

(C) is on the man on whom the tax is imposed

(D) is only on producer

**9.** Public budget is

(A) an instrument of economic policy

(B) unnecessary mental exercise

(C) wastage of money, time and energy

(D) None of the above

**10.** Which one of the following is ***not*** a type of taxes?

(A) Direct taxes

(B) Indirect taxes

(C) Multidimensional taxes

(D) Progressive taxes

**11.** Which one of the following is ***not*** included in the subject matter of fiscal policy?

(A) Taxation

(B) Public debt

(C) Public expenditure

(D) Money supply

**12.** Which one of the following is ***not*** the example of the government expenditure to attain the objective of redistribution of income and wealth?

(A) Free medical aid to poor

(B) Provision of public toilets

(C) Subsidized food stuff

(D) Sanction of money for private park

**13.** When current income of the government is less than its current expenditure, it is known as

(A) budget deficit

(B) fiscal deficit

(C) revenue deficit

(D) primary deficit

prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**7.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक राजकोषीय नीति का उद्देश्य **नहीं** है?

(A) आय व सम्पत्ति की आर्थिक असमानताओं को दूर करना

(B) मुद्रास्फीति दबाव को नियंत्रित करना

(C) सामाजिक एवं पूँजीगत ओवरहेड्स पर व्यय कम करना

(D) आर्थिक समृद्धि की दर को बढ़ाना

**8.** कर का प्रभाव है

(A) तुरंत मौद्रिक भार

(B) उपभोक्ता पर अंतिम भार

(C) व्यक्ति पर, जिस पर कर लगाया जाता है

(D) केवल उत्पादक पर

**9.** लोक बजट है

(A) आर्थिक नीति का एक अस्त्र

(B) अनावश्यक मानसिक व्यायाम

(C) धन, समय एवं ऊर्जा की बरबादी

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**10.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक करों का प्रकार **नहीं** है?

(A) प्रत्यक्ष कर

(B) अप्रत्यक्ष कर

(C) बहुआयामी कर

(D) प्रगतिशील कर

**11.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक राजकोषीय नीति की विषयवस्तु में सम्मिलित **नहीं** है?

(A) करारोपण

(B) लोक ऋण

(C) लोक व्यय

(D) मुद्रा आपूर्ति

**12.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक, आय और सम्पत्ति के पुनर्वितरण की उद्देश्य-प्राप्ति हेतु किए गए सरकारी व्यय का उदाहरण **नहीं** है?

(A) गरीबों को निःशुल्क चिकित्सीय सहायता

(B) सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था

(C) सहायिकी-प्राप्त खाद्य पदार्थ

(D) निजी पार्क के लिए मुद्रा का अनुमोदन

**13.** जब सरकार की चालू आय उसके चालू व्यय से कम होती है, तो उसे कहा जाता है

(A) बजट घाटा

(B) राजकोषीय घाटा

(C) राजस्व घाटा

(D) प्राथमिक घाटा

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**14.** Which one of the following organizations is responsible for mediating trade disputes?

(A) International Monetary Fund

(B) World Bank

(C) World Trade Organization

(D) The G-7 countries

**15.** Which one of the following is ***not*** true for tariff on imports?

(A) Public revenue increases

(B) Import substitution is encouraged

(C) Prices of import goods increases

(D) Consumption increases

**16.** Balance of Payments comprises

(A) the Current Account

(B) the Capital Account

(C) the Official Settlements Account

(D) All of the above

**17.** Under flexible exchange system, the exchange rate is determined by

(A) the nation's monetary authorities

(B) the price of gold

(C) the forces of demand and supply

(D) exchange arbitrage

**18.** Which one of the following is ***not*** related to the 'World Trade Organization'?

(A) TRIPs

(B) FEMA

(C) TRIMs

(D) Uruguay Round

**19.** The decision, taken at Bretton Woods Conference in the year 1944, led to the formation of

(A) IDA

(B) IMF

(C) ADB

(D) IFC

**20.** Which one of the following is ***not*** the objective of IMF?

(A) To ensure exchange rate stability

(B) To promote international monetary cooperation

(C) To minimize exchange restrictions

(D) To discourage the system of multilateral payments

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**14.** निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन व्यापार संबंधी विवादों की मध्यस्थता करने के लिए उत्तरदायी है?

(A) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

(B) विश्व बैंक

(C) विश्व व्यापार संगठन

(D) G-7 देश

**15.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक आयातों पर तट-कर के लिए सही **नहीं** है?

(A) सार्वजनिक आय में वृद्धि होती है

(B) आयात प्रतिस्थापन प्रोत्साहित होता है

(C) आयातित वस्तुओं की कीमतें बढ़ती हैं

(D) उपभोग में वृद्धि होती है

**16.** भुगतान संतुलन में सम्मिलित होता है

(A) चालू खाता

(B) पूँजी खाता

(C) आधिकारिक अदायगी खाता

(D) उपर्युक्त सभी

**17.** एक लचीली विनिमय दर प्रणाली के अंतर्गत, विनिमय दर स्थापित होती है

(A) देश के मौद्रिक अधिकारियों द्वारा

(B) स्वर्ण की कीमत द्वारा

(C) माँग व पूर्ति की शक्तियों द्वारा

(D) विनिमय अन्तरपणन द्वारा

**18.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक 'विश्व व्यापार संगठन' से संबंधित **नहीं** है?

(A) ट्रिप्स

(B) फेमा

(C) ट्रिम्स

(D) उरुग्वे राउण्ड

**19.** वर्ष 1944 में ब्रेटन वुड्स सम्मेलन में लिए गए निर्णय से गठन हुआ

(A) आइ० डी० ए० का

(B) आइ० एम० एफ० का

(C) ए० डी० बी० का

(D) आइ० एफ० सी० का

**20.** निम्नलिखित में से कौन-सा आइ० एम० एफ० का उद्देश्य **नहीं** है?

(A) विनिमय दर की स्थिरता को सुनिश्चित करना

(B) अन्तर्राष्ट्रीय मौद्रिक सहकारिता को बढ़ावा देना

(C) विनिमय प्रतिबन्धों को कम करना

(D) बहु-देशीय भुगतानों की व्यवस्था को हतोत्साहित करना

Prepp Your Personal Exams Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**21.** Which one of the following was the average targeted annual growth rate of service sector for 12th Five-Year Plan?

(A) 10·0 percent

(B) 10·5 percent

(C) 11·0 percent

(D) 11·5 percent

**22.** In India, in which one of the following regimes, the 'rolling plan' was started?

(A) Congress regime

(B) NDA regime

(C) Janata Party regime

(D) UPA regime

**23.** In which one of the following Five-Year Plans, the strategy of 'Public-Private Partnership' was adopted in building transport infrastructure?

(A) Twelfth

(B) Eleventh

(C) Tenth

(D) Ninth

**24.** Who among the following did ***not*** measure poverty in India?

(A) Manmohan Singh

(B) P. K. Bardhan

(C) M. S. Ahluwalia

(D) Dandekar and Rath

**25.** It is observed that as an economy develops, the percentage share of primary sector in National Income

(A) increases

(B) remains constant

(C) decreases

(D) decreases initially then increases

**26.** Who is ***not*** the member of the 'National Development Council'?

(A) The Prime Minister

(B) The Union Cabinet Ministers

(C) The Secretary of the NITI Aayog

(D) The Chairman of the Finance Commission of India

**27.** Which sector contributes highest in India's GDP?

(A) Primary sector

(B) Secondary sector

(C) Service sector

(D) None of the above

**28.** Who was the first to introduce poverty concept in India?

(A) Dadabhai Naoroji

(B) N. Rath

(C) V. M. Dandekar

(D) B. S. Minhas

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**21.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक बारहवीं पंचवर्षीय योजनाकाल के लिए सेवा क्षेत्र की औसत लक्षित वार्षिक वृद्धि दर थी?

(A) 10·0 प्रतिशत

(B) 10·5 प्रतिशत

(C) 11·0 प्रतिशत

(D) 11·5 प्रतिशत

**22.** भारत में निम्नलिखित में से किस शासनकाल में 'रोलिंग प्लान' प्रारम्भ किया गया था?

(A) काँग्रेस शासनकाल में

(B) एन० डी० ए० शासनकाल में

(C) जनता पार्टी शासनकाल में

(D) यू० पी० ए० शासनकाल में

**23.** निम्नलिखित में से किस पंचवर्षीय योजना में 'पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप' स्ट्रैटेजी यातायात अधोसंरचना के निर्माण में अपनायी गयी थी?

(A) बारहवीं

(B) ग्यारहवीं

(C) दशवीं

(D) नौवीं

**24.** इनमें से किसने भारत में गरीबी की माप **नहीं** की थी?

(A) मनमोहन सिंह

(B) पी० के० बर्धन

(C) एम० एस० अहलूवालिया

(D) दांडेकर एवं रथ

**25.** यह अवलोकित किया गया है कि जब अर्थव्यवस्था विकसित होती है, प्राथमिक क्षेत्रक का राष्ट्रीय आय में प्रतिशत हिस्सा

(A) बढ़ता है

(B) स्थिर रहता है

(C) घटता है

(D) प्रारम्भ में घटता है फिर बढ़ता है

**26.** कौन 'राष्ट्रीय विकास परिषद' का सदस्य **नहीं** है?

(A) प्रधानमंत्री

(B) केन्द्रीय मंडल मंत्री

(C) नीति आयोग के सचिव

(D) भारत के वित्त आयोग के अध्यक्ष

**27.** भारत की जी० डी० पी० में किस क्षेत्रक का योगदान सर्वाधिक है?

(A) प्राथमिक क्षेत्रक

(B) द्वितीयक क्षेत्रक

(C) सेवा क्षेत्रक

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**28.** भारत में गरीबी अनुमान प्रत्यय को सर्वप्रथम किसने दिया था?

(A) दादाभाई नौरोजी

(B) एन० रथ

(C) वी० एम० दांडेकर

(D) बी० एस० मिन्हास

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**29.** In which one of the following years, 'Mid-day Meal Scheme' was renamed as 'PM Poshan Scheme'?

(A) 2018

(B) 2019

(C) 2020

(D) 2021

**30.** Which one of the following is ***not*** a financial inclusion strategy?

(A) Cash assistance

(B) Health insurance

(C) Pension

(D) Fine for disaster risk

**31.** At present, which one of the following is the nodal agency for estimation of poverty at National and State level in India?

(A) Finance Commission

(B) Rural Ministry

(C) Home Ministry

(D) NITI Aayog

**32.** Which one of the following is the objective of financial inclusion identified by the RBI?

(A) Universal access to financial services

(B) Financial literacy

(C) Access to livelihood

(D) All of the above

**33.** Which one of the following is ***not*** a measure of tenancy reforms?

(A) Regulation of rent

(B) Security of tenure

(C) Conferment of ownership on tenants

(D) Frequent enhancement of rent

**34.** Which one of the following factors is ***not*** responsible for poor performance of Land Reforms Programme in India?

(A) Similar land reform laws in all the States

(B) Faulty legislation

(C) Each of political will

(D) Bureaucratic obstacle in implementation

**35.** Which one is ***incorrect*** to express relationship between agriculture and industry?

(A) Industry is substitute for agriculture

(B) Industries get raw material from agriculture

(C) Agri-sector needs machines for cultivation

(D) Industrial workers consume food grains

**36.** Which one of the following is high-value product in agriculture?

(A) Fruits

(B) Vegetables

(C) Livestock product

(D) All of the above

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**29.** निम्नलिखित वर्षों में से किस एक में 'मध्याह्न-भोजन योजना' को 'पी० एम० पोषण योजना' से पुनर्नामित किया गया?

(A) 2018

(B) 2019

(C) 2020

(D) 2021

**30.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक वित्तीय समावेशन की व्यूह-रचना **नहीं** है?

(A) नगद सहायता

(B) स्वास्थ्य बीमा

(C) पेंशन

(D) आपदा जोखिम के लिए जुर्माना

**31.** वर्तमान में, भारत में राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर गरीबी की माप के लिए कौन-सी नोडल एजेन्सी है?

(A) वित्त आयोग

(B) ग्रामीण मंत्रालय

(C) गृह मंत्रालय

(D) नीति आयोग

**32.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक आर० बी० आइ० द्वारा वित्तीय समावेशन का उद्देश्य चिह्नित किया गया है?

(A) वित्तीय सेवाओं की सार्वभौमिक उपलब्धता

(B) वित्तीय साक्षरता

(C) जीविका-यापन की उपलब्धता

(D) उपर्युक्त सभी

**33.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक काश्तकारी सुधार का अस्त्र **नहीं** है?

(A) लगान का नियमन

(B) काश्तकारी अधिकार (पट्टा) की सुरक्षा

(C) काश्तकारों को स्वामित्व प्रदान करना

(D) लगान को बार-बार बढ़ाना

**34.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक कारक भारत में भूमि सुधार कार्यक्रम के दीन-हीन कार्यसम्पादन के लिए जिम्मेदार **नहीं** है?

(A) सभी राज्यों में समान भूमि सुधार कानून

(B) दोषपूर्ण विधान (लेजिस्लेशन)

(C) राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी

(D) लागू करने में नौकरशाही बाधाएँ

**35.** कृषि व उद्योग के संबंध को व्यक्त करने में कौन-सा एक **गलत** है?

(A) उद्योग कृषि का प्रतिस्थानापन्न है

(B) उद्योग कृषि से कच्ची सामग्री प्राप्त करता है

(C) कृषि-क्षेत्रक को कृषि कार्य के लिए मशीनों की जरूरत होती है

(D) औद्योगिक कार्यकर्ता खाद्यान्न का उपभोग करते हैं

**36.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक कृषि में उच्च-मूल्य उत्पाद है?

(A) फल

(B) सब्जियाँ

(C) मवेशी उत्पाद

(D) उपर्युक्त सभी

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**37.** Which one of the following is ***not*** true for the Green Revolution of late sixties?

(A) It was cereal-centric

(B) It was pro-small farmer

(C) It was regionally biased

(D) It was input intensive

**38.** Third-Generation Industrial Reforms include

(A) Make in India

(B) skill development

(C) e-Biz Project

(D) All of the above

**39.** Which one of the following is ***not*** matching with public sector units in India?

(A) Excessive overhead cost

(B) Understaffing

(C) Lack of autonomy

(D) Inefficient management

**40.** The main objective of the 1948, Industrial Policy was to levy the foundation of

(A) mixed economy

(B) socialist economy

(C) capitalist economy

(D) None of the above

**41.** Which one of the following was ***not*** the main aim of the New Industrial Policy, July 1991?

(A) To remove unnecessary bureaucratic control

(B) To introduce liberalization

(C) To restrict foreign direct investment

(D) To encourage privatization

**42.** The MRTP Act, 1969 was replaced by

(A) the Competition Act, 2002

(B) FERA

(C) Industrial Licensing Policy

(D) None of the above

**43.** Which one of the following is ***not*** agro-based industry?

(A) Cotton industry

(B) Jute industry

(C) Steel industry

(D) Sugar industry

**44.** Which one of the following is the role of Commission for Agricultural Costs and Prices (CACP)?

(A) It provides assurance of remunerative price

(B) It provides help in enhancing agri-products

(C) It provides motivation to cultivator

(D) All of the above

www.prepp.in

**37.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक साठवें दशक के उत्तरार्द्ध की हरित क्रांति के लिए सही **नहीं** है?

(A) यह थी खाद्यान्न की तरफ झुकाववाली

(B) यह थी छोटे किसानों के लिए अनुकूल

(C) यह थी क्षेत्रीय पक्षपाती

(D) यह थी आगत-गहन

**38.** तीसरी पीढ़ी के औद्योगिक सुधारों में सम्मिलित है

(A) मेक इन इंडिया

(B) कौशल विकास

(C) ई-बिज़ प्रोजेक्ट

(D) उपर्युक्त सभी

**39.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक भारतीय सार्वजनिक क्षेत्रक इकाइयों से मेल **नहीं** खाता है?

(A) अत्यधिक उपरि व्यय

(B) कम कर्मचारी

(C) स्वायत्तता की कमी

(D) अकुशल व्यवस्था

**40.** औद्योगिक नीति, 1948 का मुख्य उद्देश्य था, आधारशिला रखना

(A) मिश्रित अर्थव्यवस्था की

(B) समाजवादी अर्थव्यवस्था की

(C) पूँजीवादी अर्थव्यवस्था की

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**41.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक नयी औद्योगिक नीति, जुलाई 1991 का प्रमुख उद्देश्य **नहीं** था?

(A) अनावश्यक नौकरशाही नियंत्रण को दूर करना

(B) उदारीकरण को प्रारम्भ करना

(C) प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को नियंत्रित करना

(D) निजीकरण को प्रोत्साहित करना

**42.** एम० आर० टी० पी० अधिनियम, 1969 प्रतिस्थापित किया गया

(A) प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 द्वारा

(B) फेरा द्वारा

(C) औद्योगिक लाइसेंसिंग नीति द्वारा

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**43.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक कृषि-आधारित उद्योग **नहीं** है?

(A) सूती (वस्त्र) उद्योग

(B) जूट उद्योग

(C) स्टील उद्योग

(D) चीनी उद्योग

**44.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक 'कमीशन फॉर एग्रीकल्चरल कॉस्ट्स ऐण्ड प्राइसेस (सी० ए० सी० पी०)' का कार्य है?

(A) यह देता है लाभकारी कीमत का आश्वासन

(B) यह देता है कृषि उत्पादों की वृद्धि में सहायता

(C) यह देता है कृषक को प्रोत्साहन

(D) उपर्युक्त सभी

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**45.** Which one of the following is ***not*** true for 'minimum support prices'?

(A) Fixed by the Government of India

(B) To protect producers against excessive fall in prices

(C) To assure guaranteed prices for their product

(D) Fixed by the State Government

**46.** The objective of PDS is

(A) ensuring availability of food grains

(B) enhancing food security to poor

(C) making food grain supply at affordable price

(D) All of the above

**47.** Which one of the following is ***not*** a component of 'agricultural price policy'?

(A) Competition

(B) Minimum support price

(C) Buffer stock

(D) Public distribution system

**48.** As per the Union Budget, 2023–24, 'targeted fiscal deficit' for the financial year 2023–24 will be

(A) 4·9 percent

(B) 5·2 percent

(C) 5·9 percent

(D) 6·2 percent

**49.** The fiscal policy in India is prepared by the

(A) Ministry of Finance

(B) Ministry of Home Affairs

(C) Ministry of Commerce and Industry

(D) None of the above

**50.** Which one of the following is included in seven priorities of the Budget 2023–24?

(A) Inclusive development

(B) Green growth

(C) Infrastructure development

(D) All of the above

**51.** As per recent monetary policy (February 08, 2023), 'repo rate' under LAF is

(A) 5·5 percent

(B) 6·0 percent

(C) 6·5 percent

(D) 7·0 percent

www.prepp.in

**45.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' के संबंध में सही **नहीं** है?

(A) भारत सरकार द्वारा निर्धारित किए जाते हैं

(B) कीमतों में अत्यधिक गिरावट के समय उत्पादकों की सुरक्षा करते हैं

(C) उनके उत्पादों के लिए गारन्टित कीमतों का आश्वासन देते हैं

(D) राज्य सरकारों द्वारा निर्धारित किए जाते हैं

**46.** पी० डी० एस० का उद्देश्य है

(A) खाद्यान्नों की उपलब्धता का आश्वासन

(B) गरीबों की खाद्य सुरक्षा को बढ़ाना

(C) गरीबों को पहुँच-कीमत पर खाद्यान्न की आपूर्ति करना

(D) उपर्युक्त सभी

**47.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक 'कृषि कीमत नीति' का हिस्सा **नहीं** है?

(A) प्रतियोगिता

(B) न्यूनतम समर्थन मूल्य

(C) बफर स्टॉक

(D) सार्वजनिक वितरण प्रणाली

**48.** संघीय बजट, 2023–24 के अनुसार 'लक्षित राजकोषीय घाटा', वित्तीय वर्ष 2023–24 में होगा

(A) 4·9 प्रतिशत

(B) 5·2 प्रतिशत

(C) 5·9 प्रतिशत

(D) 6·2 प्रतिशत

**49.** भारत में राजकोषीय नीति तैयार की जाती है

(A) वित्त मंत्रालय द्वारा

(B) गृह मंत्रालय द्वारा

(C) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**50.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक बजट 2023–24 की सात प्राथमिकताओं में सम्मिलित है?

(A) समावेशी विकास

(B) हरित विकास

(C) अधोसंरचना विकास

(D) उपर्युक्त सभी

**51.** हाल की मौद्रिक नीति (फरवरी 08, 2023) के अनुसार 'रेपो रेट' एल० ए० एफ० के अंतर्गत है

(A) 5·5 प्रतिशत

(B) 6·0 प्रतिशत

(C) 6·5 प्रतिशत

(D) 7·0 प्रतिशत

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**52.** Which one of the following is the current issue in banking in India?

(A) Increasing competition

(B) Changing banking business model

(C) Increasing digital payments

(D) All of the above

**53.** Which year is known for 'severe BOP crisis' in India?

(A) 1981

(B) 1991

(C) 1995

(D) 2005

**54.** The foreign trade policy, 2021–26 mainly focuses on

(A) new export potential

(B) development of MSMEs

(C) boosting E-commerce

(D) All of the above

**55.** Which one of the following is ***not*** a cause of high BOP deficit in India?

(A) Less import of capital goods

(B) Development activities

(C) High rate of inflation

(D) Cyclical fluctuations

**56.** The marginal utility of a particular commodity at the point of saturation will be

(A) zero

(B) unity

(C) negative

(D) positive

**57.** When the price of substitute of commodity $X$ falls, the demand for $X$

(A) rises

(B) falls

(C) remains unchanged

(D) Any of the above

**58.** When the demand curve is elastic, MR will be

(A) one

(B) zero

(C) positive

(D) negative

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**52.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक भारत में बैंकिंग का वर्तमान मुद्दा है?

(A) बढ़ती हुई प्रतियोगिता

(B) बदलता हुआ बैंकिंग व्यवसाय प्रारूप

(C) बढ़ता हुआ डिजिटल भुगतान

(D) उपर्युक्त सभी

**53.** भारत में 'गंभीर बी० ओ० पी० क्राइसिस' के लिए किस वर्ष को जाना जाता है?

(A) 1981

(B) 1991

(C) 1995

(D) 2005

**54.** विदेश व्यापार नीति, 2021–26 ने विशेष प्रकाश डाला है

(A) नयी निर्यात संभावनाओं पर

(B) एम० एस० एम० ई० के विकास पर

(C) ई-कॉमर्स के तीव्र विकास पर

(D) उपर्युक्त सभी

**55.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक भारत में ऊँचे बी० ओ० पी० घाटे का कारण **नहीं** है?

(A) पूँजीगत वस्तुओं का कम आयात

(B) विकास क्रियाएँ

(C) मुद्रास्फीति की ऊँची दर

(D) चक्रीय उतार-चढ़ाव

**56.** संतृप्ति (पूर्ण संतुष्टि) के बिंदु पर किसी वस्तु की सीमांत उपयोगिता होगी

(A) शून्य

(B) इकाई

(C) ऋणात्मक

(D) धनात्मक

**57.** जब वस्तु $X$ के स्थानापन्न की कीमत गिरती है, तो वस्तु $X$ की माँग

(A) बढ़ती है

(B) गिरती है

(C) अपरिवर्तित रहती है

(D) उपर्युक्त में से कोई भी

**58.** जब माँग वक्र लोचदार है, सीमांत आगम होगा

(A) एक

(B) शून्य

(C) धनात्मक

(D) ऋणात्मक



Your Personal Exams Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**59.** The LAC curve falls as output expands. This is due to

(A) economies of scale

(B) the law of diminishing return

(C) diseconomies of scale

(D) less money wages

**60.** The Engel's curve for a Giffen good is

(A) positively sloped

(B) negatively sloped

(C) horizontal

(D) vertical

**61.** For a linear demand curve, which of the following is true?

(A) Elasticity of demand is unity at all points

(B) Elasticity of demand is constant at all points

(C) Elasticity of demand increases as one slide down the demand curve

(D) Elasticity of demand declines as one slide down the demand curve

**62.** When both the price of a substitute and the price of a complement of commodity *X* rises, the demand for *X*

(A) rises

(B) falls

(C) remains unchanged

(D) All of the above are possible

**63.** A discriminating monopolist will charge a lower price in the market in which the price elasticity of

(A) demand is greater

(B) supply is smaller

(C) demand is smaller

(D) supply is greater

**64.** When the law of diminishing returns begins to operate, the total variable cost curve begins to

(A) fall at an increasing rate

(B) rise at a decreasing rate

(C) rise at an increasing rate

(D) fall at a decreasing rate

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**59.** उत्पादन वृद्धि के साथ LAC वक्र गिरता है। इसका कारण है

(A) पैमाने की मितव्ययिताओं के कारण

(B) ह्रासमान प्रतिफल के नियम के कारण

(C) पैमाने की अमितव्ययिताओं के कारण

(D) मौद्रिक मजदूरी के कम होने के कारण

**60.** एक गिफिन वस्तु का एंजिल वक्र होता है

(A) धनात्मक ढालू

(B) ऋणात्मक ढालू

(C) क्षैतिज

(D) ऊर्ध्वाकार (लम्बवत्)

**61.** रेखीय माँग वक्र के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

(A) माँग की लोच सभी बिंदुओं पर इकाई होती है

(B) माँग की लोच सभी बिंदुओं पर स्थिर रहती है

(C) माँग वक्र पर नीचे की ओर जाने पर माँग की लोच बढ़ती है

(D) माँग वक्र पर नीचे की ओर जाने पर माँग की लोच घटती है

**62.** जब वस्तु $X$ की प्रतिस्थानापन्न और पूरक वस्तु दोनों की कीमत बढ़ जाए, तो वस्तु $X$ की माँग

(A) बढ़ेगी

(B) गिरेगी

(C) अपरिवर्तित रहेगी

(D) उपर्युक्त सभी सम्भव हैं

**63.** एक विभेदात्मक एकाधिकारी उस बाजार में कम कीमत वसूल करेगा, जिसमें

(A) माँग की कीमत लोच ज्यादा होगी

(B) पूर्ति की कीमत लोच कम होगी

(C) माँग की कीमत लोच कम होगी

(D) पूर्ति की कीमत लोच ज्यादा होगी

**64.** जब ह्रासमान प्रतिफल का नियम क्रियाशील होना शुरू होता है, तो कुल परिवर्तनशील लागत वक्र

(A) बढ़ती हुई दर से गिरना शुरू होता है

(B) घटती हुई दर से बढ़ना शुरू होता है

(C) बढ़ती हुई दर से बढ़ना शुरू होता है

(D) घटती हुई दर से गिरना शुरू होता है

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**65.** Which form of monopoly regulation is most advantageous for the consumer?

(A) Price control

(B) Lump-sum tax

(C) Per unit tax

(D) All of the above are equally advantageous

**66.** 'Ceteris paribus' means that

(A) no other variable affects the dependent variable

(B) no other model can explain the dependent variable

(C) other factors are held constant

(D) the model is logical

**67.** Elasticity of a rectangular hyperbola is

(A) zero

(B) equal to one

(C) less than one but more than zero

(D) greater than one

**68.** At the shutdown point

(A) TR = TVC

(B) P = AVC

(C) TR = TC

(D) TR < TC

**69.** Which one of the following is ***not*** an assumption of cardinal utility theory?

(A) Rationality

(B) Measurability of utility

(C) Additivity of utility

(D) Diminishing marginal utility of money as income increases

**70.** Total utility will be maximum when

(A) marginal utility is equal to zero

(B) marginal utility is maximum

(C) average utility is equal to zero

(D) average utility is maximum

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**65.** एकाधिकारी नियमन का कौन-सा रूप उपभोक्ताओं के लिए सबसे ज्यादा फायदेमंद है?

(A) कीमत नियंत्रण

(B) एकमुश्त कर

(C) प्रति इकाई कर

(D) उपर्युक्त सभी समान रूप से फायदेमंद हैं

**66.** 'सेटेरिस पैरीबस' (Ceteris paribus) से तात्पर्य है कि

(A) निर्भर चर को कोई अन्य चर प्रभावित नहीं करते

(B) निर्भर चर को कोई अन्य मॉडल नहीं समझा सकता

(C) अन्य तत्त्व स्थिर रहते हैं

(D) मॉडल तर्कपूर्ण है

**67.** एक आयताकार अतिपरवलय की लोच होती है

(A) शून्य

(B) एक के बराबर

(C) एक से कम लेकिन शून्य से अधिक

(D) एक से ज्यादा

**68.** फर्म के काम बन्द करने के बिन्दु पर

(A) TR = TVC

(B) P = AVC

(C) TR = TC

(D) TR < TC

**69.** उपयोगिता के गणनावाचक सिद्धांत की निम्न में से कौन-सी मान्यता **नहीं** है?

(A) विवेकशीलता

(B) उपयोगिता की मापनीयता

(C) उपयोगिता का जोड़ा जाना

(D) आय के बढ़ने के साथ मुद्रा की सीमांत उपयोगिता का कम होना

**70.** कुल उपयोगिता अधिकतम होगी, जब

(A) सीमांत उपयोगिता शून्य के बराबर हो

(B) सीमांत उपयोगिता अधिकतम हो

(C) औसत उपयोगिता शून्य के बराबर हो

(D) औसत उपयोगिता अधिकतम हो

www.prepp.in

Your Personal Exams Guide

**71.** Gross National Income is always more than Net National Income because it includes

(A) foreign income

(B) capital consumption

(C) indirect taxes

(D) direct taxes

**72.** Which one of the following is ***not*** correctly matched?

(A) GNP at market price = GDP at market price + Net income from abroad

(B) NNP = GNP – Depreciation

(C) GDP at factor cost = GDP at market price – Indirect tax

(D) Per capita income = $\frac{\text{National Income}}{\text{Population}}$

**73.** Which one of the following is ***not*** a method of calculation of National Income?

(A) Product method

(B) Income method

(C) Expenditure method

(D) Price indexing method

**74.** Which one of the following is ***not*** the reason for downward sloping of demand curve if other things remaining the same?

(A) Operation of law of diminishing marginal utility

(B) Income effect

(C) Price effect

(D) Fashion

**75.** Which one expresses the slope of isocost line?

(A) $\frac{P_Y}{P_X}$

(B) $\frac{P_X}{P_Y}$

(C) $P_X + P_Y$

(D) $P_X - P_Y$

**76.** Monopoly is a market situation where there are

(A) one buyer, more sellers

(B) more buyers, one seller

(C) more buyers, more sellers

(D) one buyer, one seller

**77.** The main economic problem in India is

(A) poverty

(B) unemployment

(C) unequal distribution of income and wealth

(D) All of the above

**78.** Just after Independence in India, which sector's share in GDP was the highest?

(A) Primary sector

(B) Secondary sector

(C) Tertiary sector

(D) Only foreign trade

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**71.** सकल राष्ट्रीय आय सदैव शुद्ध राष्ट्रीय आय से अधिक होती है, क्योंकि इसमें

(A) विदेशी आय सम्मिलित होती है

(B) पूँजीगत उपभोग सम्मिलित होता है

(C) अप्रत्यक्ष कर सम्मिलित होते हैं

(D) प्रत्यक्ष कर सम्मिलित होते हैं

**72.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही सुमेलित **नहीं** है?

(A) बाजार मूल्य पर जी० एन० पी० = बाजार मूल्य पर जी० डी० पी + विदेश से शुद्ध आय

(B) एन० एन० पी० = जी० एन० पी० – मूल्यह्रास

(C) साधन लागत पर जी० डी० पी० = बाजार मूल्य पर जी० डी० पी० – अप्रत्यक्ष कर

(D) प्रति व्यक्ति आय = $\frac{\text{राष्ट्रीय आय}}{\text{जनसंख्या}}$

**73.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक राष्ट्रीय आय की गणना की विधि **नहीं** है?

(A) उत्पाद विधि

(B) आय विधि

(C) व्यय विधि

(D) कीमत सूचकांक विधि

**74.** यदि अन्य बातें समान हैं, तो निम्नलिखित में से कौन-सा एक नीचे की ओर गिरते हुए माँग वक्र का कारण **नहीं** है?

(A) ह्रासमान सीमान्त उपयोगिता नियम का क्रियान्वित होना

(B) आय प्रभाव

(C) कीमत प्रभाव

(D) फैशन

**75.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक समलागत रेखा की ढलान को व्यक्त करता है?

(A) $\frac{P_Y}{P_X}$

(B) $\frac{P_X}{P_Y}$

(C) $P_X + P_Y$

(D) $P_X - P_Y$

**76.** एकाधिकार बाजार की वह स्थिति है जहाँ होते हैं

(A) एक क्रेता, अधिक विक्रेता

(B) अधिक क्रेता, एक विक्रेता

(C) अधिक क्रेता, अधिक विक्रेता

(D) एक क्रेता, एक विक्रेता

**77.** भारत में प्रमुख आर्थिक समस्या है

(A) गरीबी

(B) बेरोजगारी

(C) आय एवं सम्पत्ति का असमान वितरण

(D) उपर्युक्त सभी

**78.** स्वतंत्रता के ठीक बाद भारत में, किस क्षेत्रक का हिस्सा जी० डी० पी० में सर्वाधिक था?

(A) प्राथमिक क्षेत्रक

(B) द्वितीयक क्षेत्रक

(C) तृतीयक (सेवा) क्षेत्रक

(D) केवल विदेशी व्यापार

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**79.** At the time of Independence, India was

(A) exporter of food stuff

(B) importer of finished goods

(C) exporter of raw materials

(D) All of the above

**80.** In which one of the following areas, the heavy investment was ***not*** made up to 1947 in India?

(A) Tea

(B) Coffee

(C) Rubber plantation

(D) Heavy and basic industries

**81.** Which one of the following statements is ***not*** correct with regard to consumer's equilibrium?

(A) The slope of price line is less than MRS of IC.

(B) The budget line is tangent to indifference curve.

(C) The slope of price line and MRS of IC are equal.

(D) IC should be convex to origin.

**82.** Under which condition, a firm under perfect competition, in short run, will cease production?

(A) When price is equal to average cost

(B) When price is greater than average cost

(C) When price is less than average cost

(D) When price is less than average variable cost

**83.** A firm under monopolistic competition advertises to

(A) lower the cost of production

(B) increase sales and profit

(C) reduce production

(D) offer lower price

**84.** An upward shift in demand curve indicates

(A) larger quantity demanded at a lower price

(B) larger quantity demanded at the same price

(C) less quantity demanded at a higher price

(D) None of the above

**85.** Which one of the following is ***not*** the characteristic of perfectly competitive market?

(A) The number of buyers and sellers is large

(B) No restriction on the entry and exit of firms

(C) Product differentiation exists

(D) Buyers and sellers have complete knowledge of market

**86.** Which one of the following is ***not*** the characteristic of oligopoly market?

(A) Kinked demand curve

(B) Advertising expenditure is high

(C) Upward sloping demand curve

(D) Interdependence

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**79.** स्वतंत्रता के समय भारत था

(A) खाद्यान्न का निर्यातक

(B) तैयार सामानों का आयातक

(C) कच्चे मालों का निर्यातक

(D) उपर्युक्त सभी

**80.** भारत में 1947 तक निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में भारी विनियोग **नहीं** किया गया था?

(A) चाय

(B) कॉफी

(C) रबड़ की खेती

(D) भारी और आधारभूत उद्योग

**81.** उपभोक्ता संतुलन के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही **नहीं** है?

(A) कीमत रेखा की ढाल, तटस्थता वक्र की सीमांत प्रतिस्थापन दर से कम है।

(B) बजट रेखा तटस्थता वक्र की स्पर्श-रेखा है।

(C) कीमत रेखा की ढाल तथा तटस्थता वक्र की सीमांत प्रतिस्थापन दर बराबर हैं।

(D) तटस्थता वक्र मूलबिन्दु के प्रति उन्नतोदर है।

**82.** किस परिस्थिति में अल्पकाल में, पूर्ण प्रतियोगिता के अंतर्गत, एक फर्म उत्पादन बंद कर देगी?

(A) जब कीमत औसत लागत के बराबर हो

(B) जब कीमत औसत लागत से अधिक हो

(C) जब कीमत औसत लागत से कम हो

(D) जब कीमत औसत परिवर्तनशील लागत से कम हो

**83.** एक फर्म एकाधिकारिक प्रतियोगिता के अंतर्गत विज्ञापन करती है

(A) उत्पादन लागत को घटाने के लिए

(B) बिक्री व लाभ को बढ़ाने के लिए

(C) उत्पादन को घटाने के लिए

(D) न्यूनतर कीमत प्रदान करने के लिए

**84.** माँग वक्र का ऊपर की ओर विवर्तन किस ओर संकेत करता है?

(A) कम कीमत पर अधिक मात्रा में माँग

(B) उसी कीमत पर अधिक मात्रा में माँग

(C) ऊँची कीमत पर कम मात्रा में माँग

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**85.** निम्नलिखित विशेषताओं में से कौन-सी एक पूर्ण प्रतियोगितात्मक बाजार की विशेषता **नहीं** है?

(A) क्रेताओं व विक्रेताओं की संख्या अधिक होती है

(B) फर्मों के प्रवेश एवं बहिर्गमन पर रोक नहीं

(C) उत्पादन विभिन्नता विद्यमान रहती है

(D) क्रेताओं व विक्रेताओं को बाजार का पूर्ण ज्ञान रहता है

**86.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक अल्पाधिकारी बाजार की विशेषता **नहीं** है?

(A) विकुंचित माँग वक्र

(B) विज्ञापन व्यय अधिक होता है

(C) ऊपर उठता हुआ माँग वक्र

(D) परस्पर निर्भरता

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**87.** Which one of the following is the property of indifference curves?

(A) They never intersect any axis

(B) They do not intersect each other

(C) They are convex to origin

(D) All of the above

**88.** According to Keynes, which helps in determination of the level of employment?

(A) The quantity of money

(B) The behaviour of trade unions

(C) Price and wages

(D) Aggregate demand function

**89.** Which one of the following is ***not*** a component of Keynesian theory of employment?

(A) Fluctuation in price level

(B) Effective demand

(C) Consumption function

(D) Employment level

**90.** Which one of the following is correct with regard to 'marginal propensity to consume' as described by Keynes?

(A) $0 < \frac{\Delta C}{\Delta Y} < 1$

(B) $0 > \frac{\Delta C}{\Delta Y} > 1$

(C) $0 > \frac{\Delta C}{\Delta Y} < 1$

(D) $0 < \frac{\Delta C}{\Delta Y} > 1$

**91.** In substitution effect, which one of the following is ***not*** true?

(A) Price of both the commodities changes

(B) Cheaper commodity becomes costlier

(C) Consumer's real income changes

(D) Consumer remains on the same indifference curve

**92.** Under the Keynesian liquidity trap condition, an increase in money supply

(A) will bring no effect on interest rate

(B) increases level of employment

(C) increases investment spending

(D) reduces the interest rate

**93.** Kinked demand curve is possible only in

(A) perfect competition

(B) oligopoly

(C) monopolistic competition

(D) monopoly

**94.** Which expresses the total demand for money $(L)$ as described by Keynes for determining the rate of interest?

(A) $L = L_1(r, y)$

(B) $L = L_2(y, r)$

(C) $L = L_1(y) + L_2(r)$

(D) $L = L_1(r) + L_2(y)$

www.prepp.in

**87.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक तटस्थता वक्र की विशेषता है?

(A) ये किसी भी अक्ष को नहीं काटते हैं

(B) ये एक-दूसरे को नहीं काटते हैं

(C) ये मूलबिन्दु की तरफ उन्नतोदर होते हैं

(D) उपर्युक्त सभी

**88.** कीन्स के अनुसार रोजगार के स्तर के निर्धारण में क्या सहायता करता है?

(A) मुद्रा की मात्रा

(B) व्यापार संघों का व्यवहार

(C) कीमतें तथा मजदूरियाँ

(D) समग्र माँग फलन

**89.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक कीन्स के रोजगार सिद्धांत का हिस्सा **नहीं** है?

(A) कीमत स्तर में उतार-चढ़ाव

(B) प्रभावपूर्ण माँग

(C) उपभोग फलन

(D) रोजगार स्तर

**90.** कीन्स द्वारा वर्णित 'सीमांत उपभोग प्रवृत्ति' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

(A) $0 < \frac{\Delta C}{\Delta Y} < 1$

(B) $0 > \frac{\Delta C}{\Delta Y} > 1$

(C) $0 > \frac{\Delta C}{\Delta Y} < 1$

(D) $0 < \frac{\Delta C}{\Delta Y} > 1$

**91.** प्रतिस्थापन प्रभाव में निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही **नहीं** है?

(A) दोनों वस्तुओं का मूल्य बदलता है

(B) सस्ती वस्तु महँगी हो जाती है

(C) उपभोक्ता की वास्तविक आय परिवर्तित होती है

(D) उपभोक्ता उसी (समान) तटस्थता वक्र पर रहता है

**92.** कीन्स की तरलता जाल स्थिति में, मुद्रा आपूर्ति में वृद्धि

(A) ब्याज की दर पर कोई प्रभाव नहीं लाएगी

(B) रोजगार स्तर में वृद्धि लाएगी

(C) विनियोग व्यय में वृद्धि लाएगी

(D) ब्याज दर में कमी लाएगी

**93.** विकुंचित माँग वक्र संभव है केवल

(A) पूर्ण प्रतियोगिता में

(B) अल्पाधिकार में

(C) एकाधिकारिक प्रतियोगिता में

(D) एकाधिकार में

**94.** कीन्स द्वारा वर्णित ब्याज की दर के निर्धारण में, मुद्रा की कुल माँग ($L$) को कौन व्यक्त करता है?

(A) $L = L_1(r, y)$

(B) $L = L_2(y, r)$

(C) $L = L_1(y) + L_2(r)$

(D) $L = L_1(r) + L_2(y)$

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**95.** The classical theory of employment and income assumes

(A) under full employment

(B) full employment

(C) disguised unemployment

(D) frictional unemployment

**96.** Which one of the following is an instrument exercized by a Central Bank for changing the direction of credit flow?

(A) Variation in CRR

(B) Altering discount rate

(C) Fixing of margins for lending against specific securities

(D) Change in SLR

**97.** Which one of the following explains correctly the meaning of 'repo rate'?

(A) It is a rate at which banks borrow from RBI in short term

(B) It is a rate at which banks park their surplus fund with RBI

(C) It is a rate at which banks give loan to public

(D) It is a rate at which people deposit money in banks

**98.** Which one of the following is ***not*** a function of Central Bank of a country?

(A) Issue of currency notes

(B) Custodian of exchange reserves

(C) No control over commercial banks

(D) Credit control

**99.** The objective of selective credit control is mainly to

(A) selectively allocate credit to commercial bank

(B) selectively allocate credit among borrowers

(C) regulate the direction and quantity of credit

(D) All of the above

**100.** In which one of the following situations, a country should pursue a cheap money policy?

(A) When level of economic activity is low

(B) When price level is rising

(C) When BOP is unfavourable

(D) When gold is likely to go out of the country

www.prepp.in

**95.** रोजगार एवं आय के संस्थापित सिद्धांत की क्या मान्यता है?

(A) अल्प पूर्ण रोजगार

(B) पूर्ण रोजगार

(C) प्रच्छन्न बेरोजगारी

(D) घर्षणात्मक बेरोजगारी

**96.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक साख प्रवाह की दिशा को बदलने के लिए केन्द्रीय बैंक द्वारा प्रयोग में लाया गया अस्त्र है?

(A) सी० आर० आर० में परिवर्तन

(B) कटौती दर में बदलाव

(C) विशिष्ट प्रतिभूतियों के आधार पर उधारी का सीमा निर्धारण

(D) एस० एल० आर० में परिवर्तन

**97.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक 'रेपो दर' के सही अर्थ की व्याख्या करता है?

(A) यह एक दर है जिस पर बैंक अल्पकाल में आर० बी० आइ० से उधार लेते हैं

(B) यह एक दर है जिस पर बैंक अपने आधिक्य कोष को आर० बी० आइ० के पास रखते हैं

(C) यह एक दर है जिस पर बैंक जनता को ऋण देते हैं

(D) यह एक दर है जिस पर लोग बैंकों में मुद्रा जमा करते हैं

**98.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक देश के केन्द्रीय बैंक का कार्य **नहीं** है?

(A) करेन्सी नोट का निर्गमन

(B) विनिमय कोषों (संचयों) का रक्षक

(C) व्यापारिक बैंकों पर नियंत्रण नहीं

(D) साख नियंत्रण

**99.** चुने हुए साख नियंत्रण का उद्देश्य मुख्यतः है

(A) व्यापारिक बैंकों को चुने हुए ऋण देना

(B) ऋण लेने वालों को चुने हुए ऋण देना

(C) साख की दिशा और मात्रा को नियमित करना

(D) उपर्युक्त सभी

**100.** निम्नलिखित में से किस एक स्थिति में देश को सस्ती मुद्रा नीति अपनानी चाहिए?

(A) जब आर्थिक क्रिया का स्तर नीचा हो

(B) जब कीमत स्तर बढ़ रहा हो

(C) जब बी० ओ० पी० प्रतिकूल हो

(D) जब स्वर्ण के देश से बाहर प्रवाहित होने की संभावना हो

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**20/FI/CC/M-2023-11**

पुस्तिका शृंखला

उम्मीदवार का अनुक्रमांक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**D**

प्रश्न-पुस्तिका

# अर्थशास्त्र

**समय : 2 घण्टे**

**पूर्णांक : 100**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें।**

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. इस प्रश्न-पुस्तिका में कुल **100** प्रश्न हैं।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें।
4. **परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न-पुस्तिका की जाँच कर देख लें कि इसके ऊपर दायीं ओर प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला मुद्रित है। कृपया जाँच लें कि पुस्तिका में रफ़ कार्य हेतु दो पृष्ठों (पृष्ठ संख्या 30 और 31) सहित पूरे 32 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई पृष्ठ या प्रश्न गायब या बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ तो नहीं है। पुस्तिका में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले इसी शृंखला की दूसरी सही पुस्तिका ले लें।**
5. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्नों के अंग्रेजी तथा हिन्दी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा।
6. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें। प्रश्न-पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
7. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको प्रश्न-पुस्तिका सहित उत्तर पत्रक दिया जायेगा। **अपने उत्तर पत्रक के पृष्ठ-2 पर निर्धारित स्थान में अपना नाम, अनुक्रमांक, प्रश्न-पुस्तिका शृंखला तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा।**
8. उत्तर पत्रक के **पृष्ठ-2** पर निर्धारित स्थान में अपने **अनुक्रमांक** तथा **प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला A, B, C या D** जैसा इस प्रश्न-पुस्तिका के आवरण पृष्ठ के ऊपर दायीं ओर अंकित है, से सम्बन्धित कोष्ठक को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन से अवश्य कूटबद्ध करें। **उत्तर पत्रक पर प्रश्न-पुस्तिका शृंखला अंकित नहीं करने अथवा गलत शृंखला अंकित करने पर उत्तर पत्रक का सही मूल्यांकन नहीं होगा।**
9. इस प्रश्न-पुस्तिका में सभी प्रश्न और उनके उत्तर अंग्रेजी एवं हिन्दी में मुद्रित हैं। प्रत्येक प्रश्न के **चार** उत्तर—(A), (B), (C) और (D) क्रम पर दिये गये हैं। उनमें से आप सबसे सही **केवल एक** उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें। यदि आपको ऐसा लगे कि किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर सही हैं, तो आप अपने उत्तर पत्रक में उस उत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए **केवल एक** ही उत्तर चुनना है। आपका कुल प्राप्तांक आपके द्वारा उत्तर पत्रक में अंकित सही उत्तरों पर निर्भर होगा।
10. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने **चार** वृत्त इस प्रकार बने हुए हैं—Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ और Ⓓ। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के **केवल एक वृत्त को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन** से चिह्नित करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिह्नित करें। आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा। **उत्तर पत्रक में उत्तर को चिह्नित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें। किसी भी प्रकार का काट-कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है।**
11. प्रश्न-पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है। प्रश्न-पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा की अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें। **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
12. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है।
13. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक को अपनी उपस्थिति में Self Adhesive LDPE Bag में पूरी तरह से पैक/सील करवाने के उपरांत ही परीक्षाकक्ष को छोड़ें।

**Note** : English version of the instructions is printed on the First Page of this Booklet.

SEAL